**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्याः *247**

**उत्तर देने की तारीखः 18.03.2025**

**प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रगति**

***247. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत हुई प्रगति और प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस योजना के अंतर्गत गुजरात के कितने जिले शामिल हैं और राज्य में इस योजना के कुल कितने लाभार्थी हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**(क) से (ख):** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रगति के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 247 जिसका उत्तर 18.03.2025 को दिए जाने के लिए निर्धारित है, के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क)**: प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना वर्ष 2021-22 में शुरू की गई है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो तीन घटकों नामत: आदर्श ग्राम, अनुदान सहायता और छात्रावास से बनी हुई है। आदर्श ग्राम घटक के तहत, वर्ष 2025-26 तक के चक्र के लिए 29,846 गांवों का चयन किया गया है। अब तक 11,016 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है। राज्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अनुदान सहायता घटक के तहत 2021-22 से अब तक कुल मिलाकर 2,01,006 लाभार्थियों को कवर किया गया है और कौशल विकास, आय सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास जैसी विभिन्न पहलों के तहत कुल मिलाकर 9549 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। छात्रावास घटक के तहत, अब तक 866 छात्रावास मंजूर किए गए हैं, जिनमें से 520 बालिकाओं के लिए और 346 बालकों के लिए हैं, जिनसे 69212 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं।

**(ख)**: पीएम-अजय के आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत, 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले और नवीनतम जनगणना के अनुसार 500 से अधिक या इसके बराबर कुल जनसंख्या वाले गांवों को शामिल किया गया है। इस मानदण्ड के अनुसार गुजरात में, 16 जिलों के 56 गांवों को अभिचिन्हित किया गया है। गुजरात में गांवों की जिलेवार सूची **संलग्नक-I** में दी गई है।

राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अनुदान सहायता घटक के अंतर्गत, 39,721 लाभार्थियों को कवर किया गया है। छात्रावास घटक के अंतर्गत गुजरात के 9 जिलों में 17 छात्रावास मंजूर किए गए हैं, जिनसे 3,270 छात्र लाभान्वित हुए हैं। गुजरात में संस्वीकृत छात्रावासों का विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

**संलग्नक-I**

**<u>पीएम-अजय के अंतर्गत प्रगति पर लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 247 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक</u>**

पीएम-अजय के आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत गुजरात में शामिल किए गए गांवों की जिलावार सूची:

| क्र. सं. | जिला | गांव |
|---|---|---|
| 1 | अहमदाबाद | सिंधराज |
| 2 | अहमदाबाद | रनोडा |
| 3 | अहमदाबाद | मेलाज |
| 4 | आनंद | नवगाम वंता |
| 5 | अरवल्ली | मोती बेबर |
| 6 | अरवल्ली | उकार्डी |
| 7 | बनासकांठा | मिठावी चरण |
| 8 | बनासकांठा | पिलुचा |
| 9 | बनासकांठा | जोर्डियाली |
| 10 | बनासकांठा | जूनी सेंधानी |
| 11 | बनासकांठा | बदरपुरा |
| 12 | बनासकांठा | चुडमेर |
| 13 | भावनगर | चोमल |
| 14 | भावनगर | वलावाद |
| 15 | छोटाउदेपुर | कच्छेल |
| 16 | गिर सोमनाथ | इनाज |
| 17 | गिर सोमनाथ | नानावड़ा |
| 18 | गिर सोमनाथ | कदसाला |
| 19 | गिर सोमनाथ | नवापारा |
| 20 | गिर सोमनाथ | बोड़वा |
| 21 | गिर सोमनाथ | करेड़ा |
| 22 | गिर सोमनाथ | हसनवादर |
| 23 | जामनगर | सेवक भरुदिया |
| 24 | जामनगर | मोरीदाद |
| 25 | जामनगर | गोलिता |
| 26 | जूनागढ़ | नवी धारी गुंदली |
| 27 | जूनागढ़ | टिटोडी |
| 28 | जूनागढ़ | सीताना |
| 29 | कच्छ | नखत्राणा नाना |
| 30 | कच्छ | कोटडा (रोहा) |
| 31 | कच्छ | विजपसार |
| 32 | कच्छ | तारा |
| 33 | कच्छ | मारू (मुरु) |
| 34 | कच्छ | वल्का नाना |
| 35 | कच्छ | कुरान |
| 36 | कच्छ | सनोसारा |
| 37 | कच्छ | देवपार |
| 38 | कच्छ | भुजोड़ी |
| 39 | पंचमहल | कटाडिया |
| 40 | पोरबंदर | कंटोल |
| 41 | राजकोट | चिखलिया |
| 42 | राजकोट | पारदी |
| 43 | साबरकांठा | महिवाड़ा |
| 44 | साबरकांठा | वंसडोल |
| 45 | साबरकांठा | भादरदी |
| 46 | साबरकांठा | भावपुर |
| 47 | साबरकांठा | कुम्प |
| 48 | साबरकांठा | सदा |
| 49 | साबरकांठा | शेरपुर |
| 50 | साबरकांठा | रेवास |
| 51 | साबरकांठा | चिठोड़ा |
| 52 | साबरकांठा | इसरवाडा |
| 53 | सूरत | पनेथा |
| 54 | सुरेंद्रनगर | नानी मोल्डी |
| 55 | सुरेंद्रनगर | करोल |
| 56 | सुरेंद्रनगर | वाघेला |

संलग्नक-II

**पीएम-अजय के अंतर्गत प्रगति पर लोकसभा तारांकित प्रश्न सं. 247 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

**पीएम-अजय के छात्रावास घटक के अंतर्गत गुजरात में संस्वीकृत छात्रावासों का विवरण:**

**क) बालिका छात्रावास**

| क्र. सं. | छात्रावास | जिला | छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी गर्ल्स हॉस्टल | अहमदाबाद | 100 |
| 2 | विश्वविद्यालय कैंपस, गुजरात विश्वविद्यालय | अहमदाबाद | 250 |
| 3 | विश्वविद्यालय कैंपस एम.एस. विश्वविद्यालय | वडोदरा | 250 |
| 4 | विश्वविद्यालय कैंपस वीर नर्मद साउथ गुजरात विश्वविद्यालय | सूरत | 250 |
| 5 | विश्वविद्यालय कैंपस सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट | राजकोट | 250 |
| 6 | विश्वविद्यालय कैंपस महाराजा कृष्ण कुमार सिंहजी विश्वविद्यालय भावनगर | भावनगर | 250 |
| 7 | विश्वविद्यालय कैंपस सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद | आनंद | 125 |
| 8 | गुजरात राज्य पिछड़ा वर्ग ग्राम विकास परिषद | अहमदाबाद | 60 |
| | **कुल** | | **1535** |

**ख) बालक छात्रावास**

| क्र. सं. | छात्रावास | जिला | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबू जगजीवन राम प्रतिष्ठान (आदर्श आवासीय विद्यालय) | इदर | 120 |
| 2 | आदर्श आवासीय विद्यालय, अमरेली | अमरेली | 120 |
| 3 | आदर्श आवासीय विद्यालय, जामनगर | जामनगर | 120 |
| 4 | विश्वविद्यालय परिसर गुजरात विश्वविद्यालय | अहमदाबाद | 250 |
| 5 | विश्वविद्यालय परिसर एम.एस विश्वविद्यालय, वडोदरा | वडोदरा | 250 |
| 6 | विश्वविद्यालय परिसर वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय | सूरत | 250 |
| 7 | विश्वविद्यालय परिसर सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट | राजकोट | 250 |
| 8 | विश्वविद्यालय परिसर महाराजा कृष्ण कुमार सिंहजी विश्वविद्यालय भावनगर | भावनगर | 250 |
| 9 | विश्वविद्यालय परिसर सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद | आनंद | 125 |
| **कुल** | | | **1735** |

*****